# प्रत्येक पीड़िता को आवश्यक सहायता दिलवाएं : मीणा

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने गुरूवार को राजकीय सामान्य चिकित्सालय में संचालित वन स्टॉप सखी सेंटर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि सखी सेंटर संचालित होने एवं यहां पर दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जावे। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि यहां आने वाली प्रत्येक पीडिता को नियमानुसार दी जाने वाली सुविधाएं आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाए। उनकी समस्या का समाधान एक ही स्थान पर किया जावें, किसी को सलाह या कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जावें, यदि किसी सलाह या सहायता की आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करे।



जालोर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा ने राजकीय चिकित्सालय में स्थित सखी सेंटर का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन किया और कहा कि प्रत्येक यहां आने वाली पीड़िता के संबंध में जानकारी संधारित करें। उन्होंने कहा कि सखी सेंटर को सेनेटाइज करवाया जावें, कोरोना गाइडलाइन का कठोरता से पालन किया जावें, उपस्थित कर्मचारियों के हाथों को बार बार सेनेटाइज करवाया जावें। हाइजेनिक रूप से साफ सफाई की जावें। सखी सेंटर का प्रचार-प्रसार किया जावें।

## शांतिवन में मीडिया प्रशिक्षण

आबूरोड, (निसं)। समाज सुधार के साथ ब्रह्माकुमारीज संस्थान से जुड़े युवा भाई-बहनों ने मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता को बढ़ावा देने का बीडा उठाया है। इसके लिए वह बाकायदा पत्रकारिता की बारीकियां सीखकर समाज में हो रहे सकारात्मक कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन स्थित मेडिटेशन हॉल में चार दिवसीय अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में देशभर से पांच सौ से अधिक युवा आए हैं।

इसमें दिल्ली से पधारे डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर, मीडिया ट्रेनर और वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह ने कहा कि आज पत्रकारिता में तेजी से लोगों की न्यूज को लेकर धारणा बदल रही है। सभी न्यूज प्लेटफॉर्म आज पॉजीटिव न्यूज चाहते हैं। अब लोग नकारात्मक खबरों से ऊब चुके हैं। जयपुर से आये वरिष्ठ पत्रकार व मीडिया प्रशिक्षक राजेश असनानी ने कहा कि जैसे निशाने पर तीर छूटने के बाद वापिस नहीं आता है, वैसे ही पत्रकारिता में खबर चलने के बाद उसे रोक पाना असंभव है। मीडिया समाज का डॉक्टर है। व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी ने दुनिया को तबाह कर दिया है। मीडिया विंग भोपाल की जोनल को-ऑर्डिनेटर डॉ. बीके रीना बहन ने कहा कि आप सभी यहां पत्रकारिता के जो गुर सीखेंगे उसे कार्यक्षेत्र में फॉलो करें।

# कर्मचारी नेता ईश्वरलाल शर्मा को श्रद्धांजलि दी



सायला में कर्मचारी नेता ईश्वरलाल शर्मा को श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

सायला, (निसं)। सायला कस्बे के ब्रह्मपुरी स्थित बांटेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार को राजस्थान राज्य कर्मचारी नेता, ब्राह्मण रत्न व विप्र गौरव ईश्वरलाल शर्मा के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।

राज्य कर्मचारियों एवं ब्राह्मण समाज द्वारा दिवंगत ईश्वरलाल शर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। वही वक्ता सुखदेव त्रिवेदी एवं महेश दवे ने कहा कि ईश्वरलाल शर्मा ने जीवन पर्यन्त कर्मचारियों एवं ब्राह्मण समाज के हित में कार्य किया। नवनीत दवे व कपिल दवे ने भी संबोधित किया। इस दौरान पारसमल त्रिवेदी, मुन्नीलाल दवे, रामचंद्र दवे, प्रवीण त्रिवेदी, भरत दवे, प्रकाश त्रिवेदी, गणपतलाल दवे, सुरेश दवे समेत समाजबंधु मौजूद थे।

# वाद विवाद प्रतियोगिता में चरली का कैलाश प्रथम




जालोर के स्वास्थ्य भवन में तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। तंबाकू मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन स्वास्थ्य भवन जालोर में किया गया। प्रतियोगिता में आहोर ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विघालय चरली के कैलाश कुमार विजयी रहे। कैलाश अब राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली वाद विवाद प्रतियोगिता में जालोर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर डॉ. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत सौ दिवसीय कार्ययोजना के तहत जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में जिले के समस्त ब्लॉक स्तर से कुल सात प्रतिभागियों ने भाग लिया।

चरली के कैलाश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगामी राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली वाद विवाद प्रतियोगिता में कैलाश कुमार जालोर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

वहीं कतरोसन के नारायणलाल ने द्वितीय एवं भागलभीम की विमला कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिला कार्यक्रम प्रबधंक चरण सिंह, डेंटल हाईजेनिस्ट डॉ. दीपक गोयल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सतीश चन्द्र गुप्ता ने निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका अदा की तथा विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किए।

उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक विद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसके विजेताओं की खंड स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई गई। खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता के बीच जिला स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


## बिजलीकर्मियों ने मांगें बताई

बाड़मेर, (निसं)। राज्य सरकार की बजट घोषणा में कर्मचारियों को पुरानी पेंशल बहाली के आदेशों के बाद भी विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए योजना लागू नहीं करने से आक्रोशित कर्मचारियों द्वारा गुरूवार को राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश व्यापी आव्हान पर जिला कलेक्टर बाड़मेर को मुख्यमंत्री के नाम एवं अधीक्षण अभियंता बाड़मेर को डिस्कॉम अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपे गए।

यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष रमेश पंवार ने बताया कि राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार को प्रदेश प्रवक्ता गणपत प्रजापत के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए दस सूत्री मांग पत्र सौपा गया। बाड़मेर शहर द्वितीय, बाड़मेर ग्रामीण, चैहटन, सेडवा व फागलिया, धोरीमन्ना, बायतु, भियाड, शिव सहित उपखण्ड कार्यालयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी पूनाराम वाघेला, सूचना सहायक नवीन मीणा, प्रदेश प्रवक्ता गणपत प्रजापत, जिलाध्यक्ष रमेश पंवार, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र चैधरी, उपाध्यक्ष लिखमाराम हुड्डा, बाबूलाल सैन, राजेन्द्र गुर्जर, कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल, सुरज कुमार, अंकुर वर्मा, संगठन मंत्री ठाकराराम प्रजापत, जिला सह सचिव अशोक शर्मा, कार्यालय मंत्री विजय चौहान, विनोद कुमार, अचलाराम, सेडवा से राजेन्द्र गुर्जर, जसवंतसिंह, अरविंद कुमार, वी.पी. सिंह, लक्ष्मी नारायण, ओमप्रकाश, इन्द्रजीत, ताजाराम, सुमित कुमार, डूंगर सारण, शिव से बाबूलाल सैन, पदमसिंह, मूलाराम, जेठूसिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आयोजित




जालोर के भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जालोर जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व भाजपा महिला मोर्चा कार्यकताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई है।

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी ने बताया कि पार्टी में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने व सक्रिय महिलाओ को पार्टी की कार्यकारिणी में लेने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर महिला मार्चो की बैठक रखने की बात रखी गई। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा भी गयी।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी ने प्रदेश कांग्रेस सरकार की नाकामियों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कानून नाम की चीज भी नहीं है। आज कल आये दिन बलात्कार, दुष्कर्म जैसी जघन्य अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी, महामंत्री उर्मिला दर्जी, जिला उपाध्यक्ष हेमलता जैन, जिला उपाध्यक्ष हरिया देवी देवासी, पुर्व जिला मंत्री मंजु मेघवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य इन्दु चौधरी, आशी देवी, शकुन्तला जैन, नंदा रावल, मंधु गांधी आदि उपस्थित रही।

## 'युवा पीढ़ी को नशे से बचाना बड़ी चुनौती'

आबूरोड, (निसं)। निरोगी राजस्थान अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सिरोही और ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग की ओर से संयुक्त रूप से एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इसमें जिलेभर के सैकेंडरी और सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रधानाध्यापक, प्राचार्य, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य, डॉक्टर और स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को तंबाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव, हानि आदि को लेकर जरूरी बातें बताईं।

शुभारंभ सत्र में जिला चिकित्सा एवं मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद आप सभी शिक्षकगण इसे अपने-अपने स्कूलों में लागू करेंगे। आज भावी युवा पीढी को नशे के चंगुल से बचाए रखना हम सभी के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

नेशनल टोबेको कंट्रोल प्रोग्राम (एनटीसीपी) के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. एसएन ढोलपुरिया ने कहा कि डेनमार्क एक ऐसा देश है जहां सभी तंबाकू उत्पादों पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया है।

जयपुर के डॉ. कार्तिक ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि कैसे निरोगी राजस्थान अभियान की डाटा इंट्री से लेकर विद्यालय में लागू करना है। एसआरकेपीएस के डायरेक्टर राजन चौधरी ने भी तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों को बताया।

# गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन करें : डॉ. प्रीत मोहिन्दर सिंह

बाड़मेर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से माँ एवं बच्चो के स्वास्थ्य एवं आवश्यक जांच के लिए जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गुरुवार को टीकाकरण दिवस का आयोजन किया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बाबूलाल बिश्नोई ने बताया की गर्भवती महिला एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर विभाग की एएनएम एवं आशा सहयोगिनी ग्राम स्तर पर कार्य कर रही है, एवं टीकाकरण दिवस पर सेवाये दे रही है ।

■ **टीकाकरण सत्र की मोनिटरिंग जिला स्तर एवं खण्ड स्तर से ओडिके एप्प के माध्यम से की जा रही है।**

टीकाकरण बचपन में होने वाली कई जानलेवा बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावशाली एवं सुरक्षित तरीका है।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रीत मोहिन्दर सिंह ने बताया की टीकाकरण बच्चे के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत बनाता है और उन्हें विभिन्न जीवाणु तथा विषाणुओं से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है।

प्रत्येक बच्चेत को शुरुआती पहले वर्ष के दौरान लगातार टीके लगवाने की आवश्यनकता होती है ।

टीकाकरण तब अधिक प्रभावी होता है, जब उसे खास आयु या जितना संभव हो सके उसके आसपास करवाया गया हो। आरसीएचओ डॉ. सिंह ने बताया पीएचसी शिवकर, बेरीवाला तला, उप केन्द्र तुलसी नगर, रावतसर, आंगनवाडी केन्द्र सनोराताल पर आयोजित टीकाकरण दिवस का ओचक निरिक्षण किया गया।

निरिक्षण के दोरान एएनएम एवं आशा सभी जगह उपस्थित पाई गई। साथ ही टीकाकरण के बारे में परिजनो को समझाया जा रहा था। टीकाकरण सत्र पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाये संतोषजनक पाई गई, जिस पर आशा एवं एएनएम के कार्य की प्रशंसा की गई।

जिले में आयोजित टीकाकरण सत्र की मोनिटरिंग जिला स्तर एवं खण्ड स्तर से ओडिके एप्प के माध्यम से की जा रही है। जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी द्वारा ने टीकाकरण स्तर के दोरान उपस्थित एएनएम एवं आशा को लक्षित समूह गर्भवती महिला एवं बच्चो का टीकाकरण पूर्ण करने हेतु पाबंद किया गया, कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंछित न रहे, गर्भवती महिलाओ को खून की कमी न हो इसलिए आईएफए एवं केल्शियम टेबलेट उपलब्ध करवाकर सेवन करने की सलाह अवश्य देवे ।

भाटी ने मिशन सुरक्षा चक्र कार्यक्रम के तहत कार्यक्षेत्र में 31 मई तक 6 वर्ष से 19 वर्ष की किशोर एवं किशोरियों व 19 वर्ष से 49 वर्ष कि महिलाओ एवं 49 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओ का घर-घर जाकर सर्वे किया जाना सुनिश्चत करे तथा सर्वे के दोरान अनीमिक महिलाओ की पहचान कर सुचना सम्बंधित चिकित्सा अधिकारी को प्रतिदिन उपलब्ध करवाये। निरीक्षण के दौरान डब्ल्युएचओ के फिल्ड मोनिटर कमलेश चौधरी भी उपस्थित रहे।

## रायपुर में कई दिनों से नहीं आ रहा पीने का पानी

मंडार, (निसं)। ग्राम पंचायत रायपुर में पिछले करीब दस दिनों से सम्पुर्ण कस्बे में पानी की आपूर्ति बंद हैं। जानकारी के अनुसार गांव में बने पानी के टयूबवैल में लगी मोटर जलने के कारण गांव में दस दिनों से लगातार पानी की जलापूर्ति बंद पडी हैं।

■ **मोटर जलने से गांव में दस दिनों से पानी की जलापूर्ति बंद**

ऐसे में विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। पिछले दस दिनों से पानी की मोटर जल जाने से गांव में पानी की आपूर्ति बंद होने के कारण लोगों को काफी परेशानियां उठानी पडा रहीं हैं। वहीं गांव की तारीबाई, पंखुदेवी, कमला, बिलकेश बानू, मधू, हीना, केसीदेवी व काजल ने बताया की दस दिनों से गांव के हर मोहल्ले में पानी की आने के कारण महिलाओं को अपने स्तर पर इधर- उधर पानी के लिए मजबूरन भटकना पड हैं। इधर जलदाय विभाग के अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नहीं देने के कारण गांव के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा हैं।

रायपुर के ग्रामीण रामाराम मेघवाल, अमरु खां, भगराज बोराणा, भूपेन्द्र जोशी, पारस जोशी, फौजाराम सैन, मोहनलाल, अल्पेश कुमार व चंचल ने बताया की अगर दो दिन में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गांव के लोगों को मजबूरन आंदोलन करना पडेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित विभाग की रहेगी।

इधर रायपुर सरपंच छगललाल कोली ने बताया की गांव में पानी की समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। मगर विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं देने के कारण लोग परेशान हैं।

# जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा एवं जन शिकायतों, परिवेदनाओं के निवारण के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जनसुनवाई के दौरान जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़ रहे। जिसमें जिला कलैक्टर निशांत जैन द्वारा आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए मौके पर उनका निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान गोचर भूमि पर अतिक्रमण, बंटवाडे, पेयजल पाईप लाईन में अवैध कनेक्शनों, पेयजल आपूर्ति समस्या, गैर मुमकिन रास्तों पर अतिक्रमण, जाति प्रमाण पत्र बनवाने समेत विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर द्वारा संबेंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी को उचित कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में जिला कलैक्टर ने आलासन ग्राम में गोचर भूमि एवं आबादी भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले में तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को स्वयं मौके पर पहुंच जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही। इसी प्रकार चितलवाना क्षेत्र के भाटवास व कुकडिया ग्राम में पेयजल वितरण के संबंध में प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में पेश हुए ठेकेदार जेपाराम सोलंकी के बकाया भुगतान को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सांफाडा निवासी पुष्पा देवी के पीएम आवास के तहत तीसरी किश्त के भुगतान करने के निर्देश दिये। सतर्कता समिति में दर्ज 20 प्रकरणों में से 8 का निस्तारण किया गया वही जनसुनवाई में उपस्थित हुए 22 परिवादियों में से 16 की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर शेष परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

जिला कलैक्टर निशांत जैन ने कहा कि प्रशासनिक सुधार विभाग के निर्देशानुसार माह के प्रथम गुरूवार को जिले में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी मौजूद रहकर समस्याओं का निस्तारण करेंगे साथ ही उपखण्ड अधिकारी इस संबंध में औचक निरीक्षण कर आदेशों की पालना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार माह के द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

■ **कलैक्टर ने आलासन ग्राम में गोचर भूमि एवं आबादी भूमि पर अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए कहा**

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, उप वन संरक्षक यादवेन्द्र चूण्डावत, नगर परिषद आयुक्त महिपाल सिंह, डिस्कॉम एसई एन.के.जोशी, पीएचईडी एसई ताराचंद कुलदीप समेत सतर्कता समिति की सदस्य लीला कंवर, आमसिंह परिहार, भरत कुमार सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजपूत प्रतिभा खोज परीक्षा 29 मई को

जालोर, (निसं)। राजपूत प्रतिभा खोज परीक्षा जिला स्तर पर 29 मई को जिला मुख्यालय पर श्री वीरमदेव राजपूत छात्रावास जालोर में होगी।

परीक्षा प्रभारी पूरण सिंह बागरा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस परीक्षा में राजपूत समाज के कक्षा 6 ,7 ,8 व 9 के नियमित विद्यार्थी भाग ले सकेंगे । उक्त परीक्षा का आयोजन राजपूत शिक्षा कोष जोधपुर द्वारा प्रति वर्ष संभाग के सभी जिला मुख्यालों पर करवाई जा रही जिसमें परिणाम के वरीयता अनुसार प्रत्येक कक्षा के लिए दो विद्यार्थियों का चयन 12 वी कक्षा तक निशुल्क अध्ययन के लिए होता है। परीक्षा हेतु आवेदन 25 मई तक लिए जाएंगे जो जिला मुख्यालय के अलावा भीनमाल व सांचौर में जमा कर सकेंगे इस हेतु केंद्रीय कार्यालय जोधपुर से पदम् भूषण नारायण सिंह माणकलाव एवं परीक्षा संयोजक श्याम सिंह सजाडा ने बताया कि परीक्षा प्रभारी एवं पर्यवेक्षक राजपूत शिक्षा कोष जोधपुर की देखरेख में होगी।

# जनाक्रोश रैली कांग्रेस सरकार की नींद उड़ाएगी : महंत प्रतापपुरी

पोकरण, (निसं)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य व पोकरण के वरिष्ठ नेता मंहत प्रतापपुरी ने गुरूवार को पोकरण विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा कर लोगो के अभाव अभियोग सुने व निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। महंत ने 23 मई को पोकरण में आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली में लोगों को अधिक से अधिक भाग लेने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि यह जन आक्रोश रैली प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नींद उडाने का कार्य करेगी।

ग्रामीणों ने पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित अन्य जनसस्याओं के बारे में बताया। भाजपा नेता ने गुरूवार को खींवसर, भणियाणा, फूलासर, पदमपुरा व स्वामी की ढाणी का दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी का संकट हैं। पानी की सप्लाई नहीं होने से आमजन के साथ पशुधन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं। वहीं क्षेत्र में पशुओं के लिए चारे का भी अभाव हैं। महंत ने विभागीय अधिकारियों से मिल समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। भाजपा नेता ने बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का विकासशील सिस्टम पुरी तरह से फेल हो चुका हैं। अराजकता, अपराध, हिंसा में प्रदेश पहले पायदान पर हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से पहले पेपर लीक हो जाने से प्रदेश के लाखों बेराजगारों से भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा हैं। अभी हाल ही में संपन्न हुई कांस्टेबल परीक्षा से पहले ही पेपर आउट हो गया, जिससे सरकार की पारदर्शिता पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

# शिविर में अधिकारी के नही पहुंचने पर लोग नाराज हुए

रानी, (निसं)। कलेक्टर पाली द्वारा 19 मई 22 को रानी में प्रशासनिक अधिकारियों की वीसी लेने के कारण रानी कलां में प्रशासन गावों के संग फॉलोअप केम्प में 1 बजकर 5० मिनट लगभग 5 घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों के नहीं पहुंचने के कारण कई गांवों के लोग घर चले गए।

लोगों का कहना था कि जब पहले से केम्प की तारीख तय थी जिसका समय प्रात: 9 बजे से सांय 5 बजे तक था ।तो जिला कलेक्टर ने रानी के ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियो को वी सी के माध्यम से एक ही जगह क्यों रोके रखा । अगर वी सी आवश्यक थी तो केम्प की तारीख बदल देनी थी , या वी सी का समय बदल देना था।

जिससे लोग भयंकर गर्मी में परेशान नहीं होते व गावों से चलकर रानी कलां केम्प में नही आते।

सरपंच भरत कॉक रानी कलां , सरपंच मांडल भूराराम, सरपंच इटन्दरा मोहनलाल, पंचायत समिति सदस्य हनुमान सिंह पप्पा , उप सरपंच नरेश आगरी, सहायक अभियंता विधुत अजीतसिंह , कनिष्ठ अभियंता जलदाय पवन कुमार, नायब तहसीलदार फूलाराम मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी हीरालाल मीना, सी डी पी ओ मुकनाराम बावल आदि उपस्थित थे।